Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problems faced by weavers in Ambedkar Nagar Parliamentary constituency.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र अम्बेडकर नगर एक बुनकर बाहुल्य क्षेत्र है । जिसमें अकबरपुर, टांडा, जलालपुर देश की प्रसिद्ध वस्त्र उत्पादक मंडियों में से एक है। लेकिन आज मेरे क्षेत्र के बुनकरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । मान्यवर, धागे पर जीएसटी लगने की वजह से उत्पादन दाम में बढ़ोतरी हुई है, जिससे बुनकरों के माल की प्रतिस्पर्द्धा शक्ति घटी है । इसके साथ-साथ बुनकरों को आए दिन बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा धन उगाही के उद्देश्य से उनके लूम के कारखानों पर छापेमारी की जाती है । मान्यवर, इन बुनकरों को पुन: प्रतिस्पर्द्धा हेतु सामर्थ्यवान बनाने के लिए मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय से मांग करता हूं कि वे धागे के सभी वर्गों से जीएसटी हटाने का काम करें । इसके साथ-साथ विद्युत विभाग के जितने भी कर्मचारी हैं, उनके खिलाफ एक कम्प्लेंट सेंटर खोलने का काम करें । आखिर में, वस्त्र मंत्री से निवेदन है कि बुनकर बाहुल्य मेरे क्षेत्र अम्बेडकर नगर में एक्सपोर्ट हाउस की स्थापना करने का काम करें । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री रितेश पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।